न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय, मसूदा जिला अजमेर

पीठासीनअधिकारीसुरेश चावला(RAS)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 02/2017

श्री नवाई रावल चैला शम्भू रावल उम्र बालिग जाति साकिन बडा आसन तहसील बिजयनगर जिला अजमेर। ....प्रार्थी

बनाम

1. श्री मांगी लाल पुत्र श्री बिरमा जाति गुर्जर
2. श्री भंवर लाल पुत्र श्री मेवा डोई जाति गुर्जर
3. श्री हीरा लाल पुत्र श्री देवा जाति गुर्जर
4. श्री घीसू पुत्र श्री भेरू नाथ जाति जोगी
5. श्री सुखा नाथ पुत्र श्री प्रताप नाथ जाति जोगी
6. श्रीमति बाली पुत्री श्री सुवा लाल जाति कुम्हार

   समस्त निवासीयान ग्राम बडा आसन तहसील बिजयनगर जिला अजमेर।
7. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय, बिजयनगर

............अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

प्रार्थी ने इस प्रार्थना पत्र में साराशतः निवेदन किया है कि ग्राम बडाआसन तहसील बिजयनगर स्थित आराजी ख0 न0 379, 380, 381, 382, 383, 384, 385, 434, 435 कुल खसरा 9 रक्बा 25–15–10 बीघा एवं ख0 न0 183 रक्बा 04 बिस्वा भूमियां प्रार्थी की खातेदारी की भूमियां है जिसके पडौसी खातेदार अप्रार्थी संख्या 1 से 6 है जो मौके पर सीमा विवाद उत्पन्न करते रहते है सीमा समझाईश को नही मानते है। अतः नियमानुसार शुल्क पर पत्थरगढी करवाने की कृपा करावें।

वकील प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी विवादित आराजी में खातेदार काश्तकार है और अपनी भूमियों की पत्थरगढी करवाने का अधिकारी है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार बिजयनगर को रु 3000/– कोस्ट पर मौका कमिश्नर नियुक्त कर प्रार्थी की खातेदारी की आराजी ख0 न0 379, 380, 381, 382, 383, 384, 385, व 434, 345, रक्बा 25–15– 10 एंव ख0 न0 183 की जरिये माप एंव सीमांकन पत्थरगढी करवाने हेतु निर्देशित किया जाता है। तहसीलदार बिजयनगर आदेश की पालना सुनिश्चत करावें।

निर्णय आज दिनांक 19.04.2017 को सरे इजलास अदालत में सुनाया गया।

(सुरेश चावला)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी मसूदा

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं ... मसूदा (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.03 16:04:16 IST
Reason: SelfAttested